# भिंड में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियां शुरू

## युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 सितम्बर।** प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर पूरे देशभर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भिण्ड संसदीय क्षेत्र में भी यह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय भिंड में सांसद संध्या राय ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने की। बैठक के दौरान सांसद संध्या राय ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर निखारने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और राष्ट्र निर्माण का माध्यम भी है। आज के समय में जब युवा विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में खेल उन्हें नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेंगे। सांसद ने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय के पीटीआई और खेल प्रभारी अपने-अपने विद्यालय से प्रतिभागियों का चयन कर उनका ऑनलाइन पंजीयन कराएँ। इसके साथ ही विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के युवा समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे अपने स्तर पर खिलाड़ियों के पंजीयन और प्रतियोगिताओं के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। महोत्सव में कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स (दौड़ एवं कूद), रस्साकशी और रस्सीकूद जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को खेल मैदानों की सफाई करने के दिए निर्देश: कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने बैठक में कहा कि महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी विभाग समन्वय से कार्य करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल मैदानों की सफाई, पेयजल, प्राथमिक उपचार, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी आर.डी. मित्तल, जिला युवा अधिकारी माय युवा भारत आशुतोष साहू, जिला क्रीड़ा अधिकारी शिवकुमार शर्मा, प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग रामबाबू कुशवाह, जिला खेल प्रशिक्षक संजय पंकज, साधना तोमर, नीरज सिंह बघेल, अनिल श्रीवास सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापरवाही पर कलेक्टर ने सीएचसी अटेर के प्रभारी बीपीएम को किया निलंबित



**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 12सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संजीव श्रीवास्तव ने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने और कदाचरण के आरोपों के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेर के प्रभारी बीपीएम एवं एमपीडब्ल्यू नारायण यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यादव द्वारा अपनी उपस्थिति गोविंद नगर भिंड से दर्ज कराई जाती थी, जो नियम विरुद्ध है। इसके अतिरिक्त उन पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप भी पाए गए हैं।

कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि उक्त आचरण से यह स्पष्ट है कि यादव ने अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती है। यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन है और कदाचरण की श्रेणी में आता है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यादव को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान यादव का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिंड नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें शासन के नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। कलेक्टर के इस निर्णय से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में स्पष्ट संदेश गया है कि पदीय दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गोहद थाना परिसर में फ़र्स्ट् स्टेप्स विद्यालय के छात्रों का भ्रमण



**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 12सितम्बर।** थाना परिसर में आज फ़र्स्ट स्टेप्स विद्यालय के कक्षा 6, 7, 8 और 9 के बच्चों को थाने का भ्रमण कराया जिसमे थाने में उपस्थित सभी जगह दिखाई कार्यालय कक्ष, आगंतुकों के लिए स्वागत क्षेत्र, बंदियों को रखने के लिए हिरासत कक्ष या लॉकअप, और सामान रखने के लिए स्टोर रूम जैसे कक्ष और सेल कहाँ कौनसा कार्य होता है इसके बारे में भली भांति समझाया गया ।इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री मनीष धाकड़ ने बच्चों को जागरूक करते हुए विभिन्न सामाजिक और सुरक्षा विषयों पर मार्गदर्शन दिया ।थाने भ्रमण में फ़र्स्ट स्टेप्स विद्यालय के डायरेक्टर श्री पवन गुप्ता, शिक्षक सूरज सर, डी.एस. सर तथा वंदना मैडम भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने बच्चों को साइबर क्राइम, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, गुड टच-बैड टच, ट्रैफ़िक नियमों तथा अन्य ज़रूरी मुद्दों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि सुरक्षा और जागरूकता हर बच्चे का अधिकार है, हमें इसे जीवन में अपनाना चाहिए। बच्चों ने भी अपने सवाल रखे और उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का उद्देश्य न सिर्फ़ बच्चों को शिक्षित करना था, बल्कि उन्हें समाज में सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना भी रहा।

# नोवा इंडस्ट्रीज में लगा स्वास्थ्य शिविर, श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 12सितम्बर।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित स्टर्लिंग एग्रो प्राइवेट लिमिटेड (नोवा) कंपनी में ईएसआई हॉस्पिटल और कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कंपनी में कार्यरत करीब 400 से ज्यादा श्रमिक कर्मचारी और अधिकारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और दवाइयां लीद्य शिविर में मौके पर ही अलग-अलग बीमारियों की जांच की गई. इस दौरान मरीजों को मुफ्त में दवा दी गयी. वहीं श्रमिकों को स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया गया एवं मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताये गये, शिविर में मौजूद चिकित्सकों की टीम ने बताया कि आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर किये जाते रहेंगे. जिससे मरीजों की नि:शुल्क जांच होगी. इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से कंपनी के उप महाप्रबंधक आदित्य शुक्ला की अहम भूमिका रही उनकी देखरेख व मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस अवसर पर कंपनी के तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### समाजसेवी भोला ने किया एसपी का सम्मान

भिंड। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी' चलाया गया था, जिसमें भिंड पुलिस द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया। इसी को लेकर मप्र के डीजीपी कैलाश मकवाना ने एसपी डॉ. असित यादव को प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। डीजीपी द्वारा प्राप्त इस सम्मान के उपलक्ष्य में शुक्रवार को समाजसेवी भोला सिंह राजावत ने एसपी डॉ. यादव को शॉल, श्रीफल और चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एसपी डॉ. असित यादव के नेतृत्व में जिले की पुलिस टीम ने नशा मुक्ति अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। जगह-जगह जनजागरूकता रैली, सेमिनार और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। उनके इस प्रयास से समाज में नशे के खिलाफ सकारात्मक संदेश गया है।

## जैन स्कूल में वर्णी जयंती मनाई गई

सागर 12 सितंबर. जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैन पब्लिक स्कूल के संस्थापक क्षुल्लक गणेश प्रसाद जी वर्णी की 152 वी जन्म जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम कुमार संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग, विशिष्ट अतिथि डीईओ अरविंद जैन और अध्यक्षता राजीव चौधरी कार्याध्यक्ष ने की. इस अवसर पर सचिव डॉ. के.के. सराफ ने वर्णी महाराज द्वारा स्थापित जैन हाई स्कूल की प्रगति और अतीत से अवगत कराया. संयुक्त संचालक श्री कुमार और डीईओ श्री जैन ने शिक्षा के क्षेत्र में जैन स्कूल द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए बीते वर्षो मे प्रबंध समिति द्वारा किए गए कार्यो को महत्वपूर्ण बताया.



# बालक को बहला-फुसलाकर ले जाने का प्रयास, दो महिलाएं पुलिस के कब्जे में

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12सितम्बर।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बीटीआई रोड स्थित रामनगर बंबा के पास शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब दो बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सात वर्षीय बालक को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया गया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने दोनों महिलाओं को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रामनगर निवासी पीड़ित बालक की मां ने बताया कि उसका बेटा घर से बाहर सड़क पर जा रहा था, तभी दो बुजुर्ग महिलाएं मिलीं। उन्होंने बच्चे को लालच देकर अपने साथ ले जाने की कोशिश की। बालक घबराकर रोने लगा, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों को घटना की भनक लगी। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों महिलाओं को घेरकर पकड़ लिया। तत्काल डायल-112 और देहात थाना प्रभारी मुकेश शाक्य को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दोनों महिलाएं बच्चे को चुराकर ले जाने की फिराक में थीं। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि महिलाओं के पास से कुछ संदिग्ध वस्तुएं भी मिली हैं। हालांकि पुलिस ने फिलहाल पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है और वास्तविक स्थिति सामने आने के बाद ही पुष्टि होगी।

# मेहगांव में भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 12सितम्बर।** शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में शुक्रवार को भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न ग्रंथों एवं साहित्य का गहन अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विविध प्रकार की पुस्तकें रखी गईं, जिनमें श्रीरामचरित मानस में आध्यात्म एवं विज्ञान, श्रीमद्भागवत पुराण, गीता में विज्ञान, गौतम बुद्ध का बुनियादी चिंतन, भारतीय संविधान से जुड़े संदर्भ ग्रंथ शामिल थे। इसके अलावा हिंदी साहित्य से संबंधित मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं, समाचार-पत्र एवं शोध पत्रिकाओं का भी प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने वैदिक गणित, महापुरुषों की गाथाएं तथा मध्यप्रदेश की कला एवं संस्कृति से जुड़ी पुस्तकों का भी अध्ययन किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. साधना सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के तहत हम सभी अपनी पुरानी संस्कृति को पुनर्जीवित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जो साहित्य केवल सीमित लोगों तक पहुंच पाता था, अब उसे भारतीय ज्ञान परम्परा के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान अर्जन का सशक्त माध्यम हैं, जो हमें आध्यात्म, विज्ञान, दर्शन और तर्क का बोध कराती हैं। पुस्तकें न केवल सच्चा मित्र हैं बल्कि सफलता का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं। प्रदर्शनी के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों की पुस्तकों को गंभीरता से पढ़ा और उनमें निहित ज्ञान को आत्मसात करने का प्रयास किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश डबरिया, पुस्तकालय के बुक लिफ्टर रमेश शर्मा, संयोजक सुनील बंसल सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़े को लेकर मंडल मौ में कार्यशाला आयोजित, वरिष्ठ जनों से हुआ संवाद



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने के संकल्प को लेकर शुक्रवार को मंडल मौ में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर वरिष्ठ जनों से संवाद करने का अवसर वक्ताओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम अख्तर सिंह नेगी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुरेश छारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुबीर पवैया, युवा मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी रामू कुशवाहा ने बताया कि कार्यशाला में सेवा पखवाड़े के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में बूथ से लेकर मंडल स्तर तक मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक कार्यकर्ता सार्वजनिक स्थलों मंदिर, मठ, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नदी तट आदि पर स्वच्छता अभियान चलाएंगे। साथ ही रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्धजनों से संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़े को उत्सव की तरह मनाने के लिए मंडल स्तर पर मैराथन दौड़, वॉलीबॉल, फुटबॉल सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

# 13 सितम्बर को भिंड में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 12सितम्बर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 13 सितम्बर 2025 को संपूर्ण भिंड जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का संचालन प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के.एस. बारिया के निर्देशन और सचिव अनुभूति गुप्ता के मार्गदर्शन में होगा। यह लोक अदालत जिला मुख्यालय भिंड के साथ-साथ न्यायिक तहसील मेहगांव, गोहद और लहार में भी एक साथ आयोजित की जाएगी।

नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा जिनमें शमनीय आपराधिक प्रकरण, चैक बाउंस (परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी मामले, विद्युत एवं जलकर/संपत्तिकर संबंधी प्रकरण सहित अन्य राजीनामा योग्य मामलों को शामिल किया गया है। इसके लिए कुल 22 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिनमें जिला मुख्यालय भिंड में 10, मेहगांव में 4, लहार में 5 और गोहद में 3 खण्डपीठ कार्य करेंगे।

लोक अदालत में जलकर, संपत्तिकर एवं विद्युत से संबंधित प्रकरणों में शासन के नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिंड ने जनसामान्य से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने प्रकरण इस नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत कर समय, श्रम और धन की बचत करें। लोक अदालत आपसी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रभावी माध्यम है जिससे न केवल पक्षकारों के बीच कटुता समाप्त होती है बल्कि समाज में भाईचारे और सद्भाव का वातावरण भी निर्मित होता है।

# सड़क पर वार्डवासी, जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर धरना समाप्त

**नवभारत न्यूज**
**सागर 12 सितंबर. शहर के सूबेदार वार्ड की समस्याओं को लेकर भाजपा की महिला पार्षद रुबी पटेल के नेतृत्व में वार्डवासियों ने आज गोलाकुआं चौराहे पर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए. 8 घंटे तक चले प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री से समस्याओं को लेकर चर्चा की जिसके बाद धरना समाप्त हुआ.**

मालूम हो कि निगम के पेंशन और अन्य पोर्टल तीन माह से बंद होने के कारण हितग्राही परेशान हो रहें हैं तो वहीं तीन माह पूर्व संपन्न हुए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सम्मेलन के हितग्राही चैक का इंतजार कर रहे हैं. निगम के जनप्रतिनिधियों की अंदरुनी गुटबाजी और अधिकारियों की हठधर्मिता के शिकार आम आदमी हो रहे हैं. पार्षद पटेल के अनुसार वार्ड में सड़क निर्माण को लेकर एक नहीं अनेकों आवेदन दिए गए मगर निगम के अधिकारी राशि स्वीकृत नहीं कर रहे हैं. प्रमं आवास के तहत दूसरी और तीसरी किश्त के इंतजार में मकान की छत नहीं ढल पा रही है. सूबेदार वार्ड स्थित भरखा में संचालित प्राथमिक कन्या शाला के जर्जर भवन में 39 बच्चे अध्ययनरत हैं मगर भवन निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. तो वहीं सूबेदार वार्ड स्थित ही नाले की दीवार क्षतिग्रस्त हो जाने से आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं. मगर निगम प्रशासन दीवार बनाने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है. मोहन नगर वार्ड के निर्दलीय पार्षद अशोक साहू चकिया भी मौके पर पहुँचे और उन्होंने धरने का समर्थन किया.

## नेता प्रतिपक्ष ने की सम्मेलन बुलाने की मांग

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ने एक दिन पूर्व ही निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपकर निगम सम्मेलन बुलाने की मांग की थी. श्री यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद शिवशंकर यादव, रोशनी खान, ताहिर खान, रिचा सिंह, अशोक साहू, नीलोफर अंसारी, शशि जाटव ने निगम सीमा में लगे अवैध होर्डिंग्स हटाने की मांग की थी. साथ ही जो ठेकेदार 25 प्रतिशत या इससे कम पर टेंडर ले रहे हैं उनके टेंडर निरस्त कर ब्लेकलिस्टेड किया जाए, प्रमं आवास की किश्त भी दी जाए.

## छात्र-छात्राओं को साइकिल-स्कूटी वितरित

सागर. श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण पाथेय न्यास द्वारा विभिन्न शहरों में प्रमुख कृष्ण मंदिरों में श्री कृष्ण पर्व भजन संध्या का आयोजन किया गया. सागर में कृष्ण पर्व के तहत दो मंदिरों का चयन किया गया था, जिसमें रसिक बिहारी मंदिर राम बाग के पास बड़ा बाजार ने दूसरा बालाजी मंदिर धर्मश्री जिसमें श्री कृष्ण पर्व का आयोजन किया गया. रसिक बिहारी मंदिर में जुगल नामदेव की संगीत मंडली द्वारा तथा बालाजी सरकार मंदिर में नवोदित लोक कला संस्थान के कलाकारों द्वारा भगवान राधाकृष्ण व श्रीकृष्ण की लीलाओं पर भजनो की प्रस्तुति की गई. उक्त जानकारी निशांत पवार ने दी.

# विद्यार्थी अपनी क्षमता और कौशल बढ़ाएं

**नवभारत न्यूज**
**सागर 12 सितंबर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल तथा बेंगलुरु स्थित उन्नति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यूएनएक्सटी एम्प्लॉयबिलिटी ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया.**

कुलपति प्रो. ठाकुर ने कहा कि इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर बहुत हैं लेकिन इन अवसरों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, दक्षता और कौशल की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि यह प्रयास विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाएगा. मुख्य अतिथि, इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. आशीष वर्मा ने कहा कि प्लेसमेंट की तैयारी हेतु ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं.

> उन्नति फाउंडेशन की ट्रेनर डॉ. साहिबा नासिर ने बताया कि इस कार्यक्रम द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी तथा कार्यक्रम के फोकस क्षेत्र स्पोकन इंग्लिश, प्रभावी संचार, जीवन कौशल, व्यक्तिगत विकास, आत्मविश्वास निर्माण, सार्वजनिक भाषण और मॉक इंटरव्यू रहेंगे. डॉ. अभिषेक बंसल ने बताया कि यह 30 दिवसीय प्रशिक्षण प्रतिदिन तीन घंटे की गतिविधि-आधारित सत्रों के माध्यम से संचालित होगा. प्रशिक्षण पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को 'उद्योगम पोर्टल' के माध्यम से रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जाएगा. कंप्यूटर विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कविता साहू ने आभार माना. इस अवसर पर सम्मानित संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

## पूर्व मंत्री ने की जांच की मांग

सागर. शासकीय अस्पताओं में पैथोलॉजी जांच की अनुबंधित एजेंसी द्वारा गंभीर अनियमित्ताएं वरती जाकर की जा रहीं धोखाधड़ी और किये जा रहें भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर तय समय सीमा में कठोर कार्यवाही करने की मांग को लेकर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल, संभागायुक्त अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी.आर को पत्र लिखा है. पूर्व मंत्री श्री चौधरी ने पत्र में कहा हैं कि जिले में पैथोलॉजी लेब की जांच हेतु साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी भोपाल को अनुबंधित किया गया हैं. उक्त अनुबंधित एजेंसी द्वारा विभागीय सांठ गांठ से फर्जी जांच के नाम पर करोड़ों रुपयों का भ्रष्टाचार किया गया है.

# पुस्तकें कबाड़ी को बेचीं, प्राचार्य निलंबित

**नवभारत न्यूज**
**सागर 12 सितंबर. सागर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय मगरधा, विकासखंड बंडा के प्राचार्य एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक आर.के. रोहित को छात्रों की पुस्तकें अनाधिकृत रूप से कबाड़ी को बेचने के गंभीर आरोप में निलंबित किया.**

ग्रामीणों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई कि प्राचार्य, श्री रोहित, उच्च माध्यमिक शिक्षक, एवं प्राचार्य, शास.मा.शाला मगरधा द्वारा संस्था के छात्रों की उपयोगी पुस्तकें अनाधिकृत रूप से कबाड़ी को बेची जा रही है.

> जाँच दल द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन अनुसार सुनील जैन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों अभिभावकों, पिकअप चालक, और पंचनामा के आधार पर प्रतीत हुआ कि, पुस्तकों से भरे पिकअप पुस्तकें विक्रय हेतु कार्य की प्राथमिक तैयारी थी. उक्त घटना के कारण से विभाग, प्रशासन की छवि धूमिल हुई है. कलेक्टर से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत प्राचार्य, श्री रोहित, उच्च माध्यमिक शिक्षक प्रथम दृष्टया दोषी प्रतीत होते है. उनका उक्त कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के अंतर्गत अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का द्योतक होकर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत सागर संभाग कमिश्नर श्री सुचारी ने श्री रोहित को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है.

## शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का आगमन आज

**सागर.** शहीदी नगर कीर्तन यात्रा सागर 13 सितंबर शनिवार शाम आ रही है. यात्रा अशोक नगर से बीना खुरई नरयावली सिंधी केंप से होते हुए गुरुद्वारा भगवानगंज सागर आयेगी. यात्रा रात्रि विश्राम गुरुद्वारा भगवानगंज में होगा एवं 14 सितंबर रविवार को सुबह 10 बजे शहीदी नगर कीर्तन गुरुद्वारा भगवानगंज से परेड़ मंदिर मकरोनिया सिविल लाईन गोपालगंज तीन बत्ती कटरा विजय टाकीज होते हुए भोपाल के लिए रवाना हो जायेगा.